## प्रादेशिक समाचार
## दिनांक–25.03.2024 (संध्या–1900 बजे)

मुख्य समाचार

1. उज्जैन के महाकालेश्वर मंदिर के गर्भगृह में आज सुबह भस्म आरती के दौरान आग लगने से पुजारी समेत दर्जनों लोग घायल, प्रधानमंत्री ने दुख व्यक्त करते हुए सभी श्रद्धालुओं के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की।
2. देशभर में रंगों के त्योहार होली का उत्साह, रांची समेत कई क्षेत्रों में कल भी रहेगी होली की धूम।
3. चुनाव आयोग ने चुनाव मशीनरी और राजनीतिक दलों को चुनावी सामग्री के लिए कागज का कम से कम उपयोग करने के दिए निर्देश।
4. चतरा में पुलिस ने डेढ़ करोड़ के अफीम के साथ आज दो तस्करों को किया गिरफ्तार, ब्राउन शुगर बनाने वाला मशीन जब्त।
5. राजधानी समेत कई जिलों में छाए बादल, लोहरदगा के सेन्हा प्रखंड में आंधी तूफान और ओलावृष्टि से हुआ भारी नुकसान।

***************

मध्यप्रदेश में आज सवेरे उज्जैन के महाकालेश्वर मन्दिर के गर्भ गृह में आग लग गई। यह दुर्घटना भस्म आरती के दौरान हुई। पुजारियों सहित 14 लोग घायल हुए हैं। घायलों को इन्दौर और उज्जैन के अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। उज्जैन के कलेक्टर नीरज सिंह ने दुर्घटना की जांच के आदेश दिए हैं। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने प्रत्येक घायल व्यक्ति को एक लाख रूपये सहायता राशि और निशुल्क उपचार देने की घोषणा की है। इधर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उज्जैन के महाकाल मंदिर में आग लगने की घटना पर दुख व्यक्त किया है। उन्होंने इसमें घायल हुए सभी श्रद्धालुओं के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की है। श्री मोदी ने कहा, राज्य सरकार की देखरेख में स्थानीय प्रशासन पीड़ितों की हरसंभव मदद कर रहा है।

***************

रंगोत्सव का त्योहार होली रांची समेत राज्य भर में धूमधाम से मनाया जा रहा है। होली के पावन मौके पर रांची के सांसद संजय सेठ के आवास पर आज विशेष तौर से रंगोत्सव मनाया गया। सांसद संजय सेठ की आवास पर आम और खास लोगों ने एक साथ रंगोत्सव मनाया एक दूसरे को लोगों ने रंग और गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर लोकगीत पर लोग जमकर झूमते दिखे। रंगोत्सव के मौके पर राधा कृष्ण की फूलों की होली का प्रसंग भी दर्शाने का प्रयास किया गया। होली के मौके पर रांची के सांसद संजय सेठ राज्यसभा सांसद आदित्य साहू और स्थानीय विधायक सीपी सिंह ने लोगों को शुभकामनाएं दी। राजधानी रांची समेत राज्य के कई क्षेत्रों में कल भी होली मनाया जाएगा।

***************

रंगों के त्योहार होली को लेकर हजारीबाग में विशेष तैयारी की गई है। दारू प्रखंड के पेटो गांव की महिलाएं हर्बल गुलाल बनाकर अपनी आमदनी बढ़ा नहीं हैं और लोगों को सुरक्षित होली मनाने के लिए प्रेरित कर रही हैं। और जानकारी के साथ हमारे संवाददाता–

***************

लोकसभा चुनाव का बिगुल बजते ही झारखंड के सभी राजनीतिक दलों ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। एक तरफ भाजपा ने जहां राज्य की 13 सीटों पर अपनी प्रत्याशियों की सूची जारी कर दी है, वहीं दूसरी ओर इंडिया गठबंधन में सीटों का खाका तैयार हो गया है। जल्द ही झामुमो, कांग्रेस और राजद के द्वारा प्रत्याशियों की घोषणा कर दी जाएगी। इस बीच केंद्रीय निर्वाचन आयोग ने राष्ट्रीय और क्षेत्रीय दलों समेत सभी निर्दलीय उम्मीदवारों के लिए चुनाव चिह्न की घोषणा कर दी है।

***************

चुनाव आयोग आगामी लोकसभा और विधानसभा चुनावों के दौरान पर्यावरण की दृष्टि से अनुकूल चुनाव प्रक्रिया को बढ़ावा दे रहा है। आयोग ने चुनाव मशीनरी और राजनीतिक दलों को मतदाता सूची और चुनावी सामग्री के लिए कागज का उपयोग कम से कम करने के निर्देश जारी किए हैं। चुनाव निकाय ने ई–बुक्स और ई–डॉक्यूमेंट्स के उपयोग पर जोर दिया है और डबल–साइड प्रिंटिंग और लेआउट अनुकूलन सुनिश्चित करने के लिए कहा है।

***************

गढ़वा जिले में पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर आज छापेमारी कर गढ़वा थाना के हूर गाँव से आठ हथियारों के साथ तीन लोगों क़ो गिरफ्तार किया है। बरामद हथियार में एक देसी राइफल, छह पिस्तौल और एक सेमी ऑटोमेटिक पिस्तौल शामिल है। इसके अलावे भारी मात्रा में कारतूस और मैगजीन भी बरामद किया गया है। गढ़वा पुलिस अधीक्षक दीपक पांडेय ने बताया कि गिरफ्तार किये गये तीनों लोगों क़ो पूछताछ के बाद जेल भेज दिया गया है। उन्होंने बताया कि इस समय लोकसभा चुनाव क़ो लेकर पुलिस की अपराधियों पर कड़ी नजर है।

***************

चतरा में वशिष्ठ नगर थाना क्षेत्र से पुलिस ने डेढ़ करोड़ के अफीम के साथ आज दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार तस्कर राजगुरु गांव निवासी देवनंदन गंझू और पंकज कुमार हैं। दोनों सहोदर भाई हैं। गिरफ्तार तस्करों के पास से 28 किलो 50 ग्राम अफीम के अलावा ब्राउन शुगर बनाने वाला एक लोहे का मशीन, चार पीस लकड़ी तथा कई अन्य समान जब्त किया गया है। पुलिस अधीक्षक विकास कुमार पांडेय ने समाहरणालय स्थित अपने कार्यालय कक्ष में आज प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान बताया कि पुलिस को दोनों तस्करों द्वारा अफीम से ब्राउन शुगर तैयार करने की सूचना मिली थी। इसी सूचना के आधार पर एक टीम का गठन कर कार्रवाई की गई।

***************

राज्य के कई जिलों में आज बारिश की संभावना है। रांची में दोपहर से आसमान में बादल छाए हुए हैं और तेज हवा के साथ बुंदाबांदी हुई। जामताड़ा और बोकारो में सुबह से ही बादल छाए हुए हैं। मौसम विभाग ने इन जिलों में हल्की बारिश की संभावना जताई है। इसके अलावा राज्य के पूर्वी, दक्षिणी और मध्य भागों में गर्जन के साथ वज्रपात की संभावना है। मौसम विभाग ने यहां यलो अलर्ट जारी किया है। इधर, लोहरदगा जिला के सेन्हा प्रखंड में आंधी तूफान और ओलावृष्टि से भारी नुकसान हुआ है। रानीगंज बाजार में यात्री शेड में पेड़ गिरने से दो लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं। घायलों को इलाज के लिए लोहरदगा सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहीं वज्रपात से एक व्यक्ति की मौत हो गई। इसके अलावा कई कच्चे मकान गिर गए और फसलों को भारी नुकसान हुआ है।

***************

गोड्डा जिले में पुलिस ने नशेड़ियों के कई संभावित अड्डे पर छापेमारी की है। यहां के युवक कई स्थान पर जमा होते हैं और वे ब्राउन शुगर का सेवन करते हैं। गोड्डा नगर के कझिया नदी से सटे इलाके, जोड़ा पोखर, नहर चौक, मेला मैदान जैसे कई ठिकाने हैं जहां नशेड़ियों का जमावड़ा लगा रहता है। कई लोगों की शिकायत के बाद इन स्थानों पर पुलिस लगातार छापेमारी कर रही है।

***************

इंडियन प्रीमियर लीग आईपीएल के 17वें सीजन में आज रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु का सामना पंजाब किंग्स से होगा। मैच बेंगलुरु के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में शाम साढ़े सात बजे से खेला जाएगा। दोनों टीमों का इस सीजन में यह दूसरा मैच होगा। पंजाब ने अपने पहले मैच में दिल्ली कैपिटल्स को हराया था जबकि बेंगलुरु को चेन्नई सुपरकिंग्स के खिलाफ हार झेलनी पड़ी थी। दोनों टीमें बेंगलुरु के मैदान पर चार साल बाद आमने–सामने होंगी।

******समाप्त*******